वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग झारखण्ड सरकार
कार्यालय : वन प्रमण्डल पदाधिकारी, पोड़ाहाट वन प्रमण्डल, चाईबासा।

वन भवन, चाईबासा, पिन–833201 *Mobile No. 8987790366* *E-mail: dfo-porahat@gov.in*

राजसात वाहनों की बिक्री हेतु आम निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पोड़ाहाट वन प्रमण्डल, चाईबासा के अन्तर्गत निम्नलिखित राजसात एवं निष्प्रायोजित विभागीय वाहनों की "जहाँ है, जिस स्थिति एवं जिन उपकरणों के साथ है" वन पदार्थ के बिना, बिक्री हेतु मुहर बन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म दिनांक–**04.06.2026** को **01:00** बजे अपराह्न तक प्रमण्डलीय कार्यालय में प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन अपराह्न 1:30 बजे तक निविदा फार्म जमा ली जायेगी तत्पश्चात् उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रांगण में निविदा खोली जायेगी। निविदा की अंतिम स्वीकृति प्राप्त होने के 30 (तीस) दिनों के अन्दर सफल निविदादाताओं को पूरी राशि एवं नियमानुसार देय कर (GST) जमा करनी होगी। सफल निविदादाता को स्वंय देय कर (GST) 18% (9% CGST + 9% SGST) जमा कर प्राप्ति रसीद (चालान) अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करनी होगी। अगर सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित समय के अन्दर पूरी राशि एवं देय कर (GST) जमा नहीं की जाती है तो उनके द्वारा जमा की गई प्रतिभूति एवं अग्रधन की राशि सम्पहृत (Forfeit) कर ली जायेगी। सफल निविदादाता को उच्चत्तम मूल्य की 15% राशि अग्रधन के रूप में निविदा खुलने के पश्चात् प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करनी होगी। अग्रधन जमा नहीं करने की स्थिति में प्रतिभूति राशि जप्त हो जायेगी।

निविदादाता को प्रत्येक वाहन के लिए 5000/– रू० मात्र प्रतिभूति राशि को बैंक ड्राफ्ट जो वन प्रमण्डल पदाधिकारी, पोड़ाहाट वन प्रमण्डल, चाईबासा (DFO, Porahat Forest Division, Chaibasa) के पदनाम से भुगतेय हो, निविदा फार्म के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना प्रतिभूति राशि के निविदा फार्म स्वीकार्य नहीं होगी।

निविदा का विहित प्रपत्र एवं निविदा की शर्त्त अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में 100/– रू० शुल्क नगद राशि या DFO, Porahat Forest Division, Chaibasa के पदनाम से प्राप्त बैंक ड्राफ्ट जमाकर प्राप्त किया जा सकेगा। प्रत्येक वाहन के लिए अलग–अलग निविदा विहित प्रपत्र में समर्पित करनी होगी। निविदादाता डाक द्वारा भी निविदा भेज सकते हैं।

किसी भी वाहन के लिए प्रदत्त उच्चत्तम मूल्य/उच्चत्तम निविदा राशि स्वीकार करने के लिए अद्योहस्ताक्षरी बाध्य नहीं होगें तथा बिना कोई कारण बताये बिक्री से उठा लेने या निविदा को रद्द करने के लिए सक्षम होगें। उच्चतम निविदा राशि Reserve Price से कम होने पर, Reserve Price बताना विधिसम्मत नहीं है।

विस्तृत सूचना के लिए कार्यालय अवधि में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। वाहनों के भौतिक स्थिति का अवलोकन क्षेत्र में जाकर किया जा सकता है। वाहनों की सूची, जिसके लिए निविदा आमंत्रित है, निम्नवत् है :–

कमांक	वाहनों का नाम	निबंधन संख्या	स्थान जहाँ वाहन स्थित है
1	ट्रक	CG04DM-8229	आनन्दपुर थाना परिसर में
2	स्पेलेण्डर मोटर साईकिल	OR-14L-4198	मनोहरपुर थाना परिसर में
3	ट्रैक्टर	JH-01D-5203	
4	सेन्ट्रो कार	JH-01J-1855	बन्दगाँव थाना परिसर में
5	ट्रैक्टर + ट्रेलर	JH-22B-2575 JH-22B-7321	कराईकेला थाना परिसर में
6	ट्रैक्टर + ट्रेलर / इंजन नं०	अज्ञात / RFNB08513 Gear Box Differential No. CO5556238R3, Gear No. 006505439C1	केरा प्रक्षेत्र, चक्रधरपुर कार्यालय प्रांगण में
7	महिन्द्र ट्रैक्टर+ट्रेलर	JH-06H-3263 JH-06H-1885	
8	ट्रक–407	JH-01Z-7629	सोंगरा प्रक्षेत्र, चक्रधरपुर कार्यालय प्रांगण में
9	मोटरसाईकिल (क्वासीकी)	JH-01B-2787	
10	मोटरसाईकिल	JH-06B-2702	
11	महिन्द्र पिकअप	JH05BY-6138	
12	ट्रक	BR14G-8481	

ह० / –
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
पोड़ाहाट वन प्रमण्डल, चाईबासा।

ज्ञापांक– .... / **चाईबासा, दिनांक–** .... /

प्रतिलिपिः– वन क्षेत्र पदाधिकारी, सोंगरा / केरा वन प्रक्षेत्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
पोड़ाहाट वन प्रमण्डल, चाईबासा।

ज्ञापांक– .... / **चाईबासा, दिनांक–** .... /

प्रतिलिपिः– थाना प्रभारी, मनोहरपुर / आनन्दपुर / बन्दगाँव / कराईकेला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
पोड़ाहाट वन प्रमण्डल, चाईबासा।

E-mail

ज्ञापांक– 576 / **चाईबासा, दिनांक–** 12-05-2026 /

प्रतिलिपिः– वन संरक्षक, कार्य नियोजना, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
पोड़ाहाट वन प्रमण्डल, चाईबासा।

D:\G\MISC\Year 2025-26\Auction Files 2025-26\Auction Notice (January 2026) 2025-26>sys-II